इंडियन ऑयल का कंपोजिट सिलेंडर लांच

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रसोई गैस कंपनी इंडेन ने अब 10 किलोग्राम का कंपोजिट गैस सिलेंडर लांच किया है। यह गैस सिलेंडर अब हमीरपुर में भी उपलब्ध करवा दिया गया है। शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर ने शुक्रवार को शहर में स्टॉल लगाकर लोगों को कंपोजिस्ट सिलेंडर की जानकारी दी।

शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर के प्रबंधक संजीव डढवाल ने बताया कि इस सिलेंडर की कीमत 3350 रुपये है। यह सिलेंडर काफी हल्का होता है और इसमें गैस की मात्रा का भी पता लगाया जा सकता है। डढवाल ने बताया कि इंडेन ने पहले 5 किलोग्राम का छोटा सिलेंडर भी लांच किया था। ये दोनों छोटे सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए काफी सुविधाजनक हैं। अधिक जानकारी के लिए शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर के दूरभाष नंबर 01972-225870 या 94180-44045 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से इनका लाभ उठाने की अपील की है।

शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर (हिमाचल)

हमीरपुर। शुक्रवार को गैस सर्विस ने स्टॉल लगाकर लोगों को दी जानकारी।

एडवोकेट सुशील शर्मा बने प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष

पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर चुने नए पदाधिकारी, पूर्व प्रधान ने जताया आभार

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

▮ प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशियों के नाम किए थे नामित

प्रेस क्लब हमीरपुर के चुनाव सर्वसम्मति से शुक्रवार को प्रेस रूम हमीरपुर में आयोजित हुए। इस दौरान एडवोकेट सुशील शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव से पहले प्रेस क्लब हमीरपुर के पूर्व कार्यकारिणी को निरस्त किया गया। पूर्व अध्यक्ष दिनेश कंवर ने सबसे पहले पूर्व कार्यकारिणी को भंग किया।

इसके बाद उन्होंने बतौर चुनाव अधिकारी ने कार्यकारिणी के गठन को लेकर प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान हाउस की सहमति से एडवोकेट सुशील शर्मा को अध्यक्ष के रूप में चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के शुरुआत में 4 प्रत्याशियों के नाम हाउस में सदस्यों ने प्रधान पद के लिए नामित किए गए, लेकिन अंत में एडवोकेट सुशील शर्मा के नाम पर ही सहमति बनी।

चुनावी प्रक्रिया से पहले प्रेस क्लब हमीरपुर के पूर्व महासचिव पंकज भारती ने पूर्व कार्यकारिणी की उपलब्धियों का जिक्र किया। इसके बाद प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कंवर ने अपने सफल कार्यकाल के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट सुशील शर्मा को बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा, विक्रम धटवालिया, रविंद्र चंदेल, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कंवर, अशोक कटोच, क्लब के पूर्व महासचिव पंकज भारतीय, संजय शर्मा, प्रकाश ठाकुर, प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, अश्वनी वालिया, डॉ. आदित्य पुरी, अरविंदर सिंह, विशाल राणा, जसवीर कुमार, नवनीत बत्ता, कंचन शर्मा और हरीश नंदा सहित प्रेस क्लब हमीरपुर के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

प्रेस क्लब हमीरपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

'सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।'

प्रेस क्लब हमीरपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष एडवोकेट सुशील शर्मा ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार बंधुओं ने उन पर विश्वास जताया है वह सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। प्रेस क्लब हमीरपुर को अपना भवन मिले और पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर हो, यह उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रशासन और पत्रकारों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए भी वह प्रयास करेंगे।

न्यूज फटाफट

13 को बंद रहेगी बिजली

हमीरपुर। विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते 13 फरवरी को 250 केवीए ट्रांसफार्मर रिलायंस जीओ और 250 केवीए ट्रांसफार्मर-2 हमीर होटल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 11 से दोपहर बाद 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता अश्वनी पुरी ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

17 से शिक्षा नीति के मेले

बड़सर। हमीरपुर में 17 से 26 फरवरी तक नई शिक्षा नीति के मेले आयोजित करने के आदेश जारी कर दिए। हाई स्कूल से 2 व सीनियर सेकेंडरी से 3 शिक्षक इन मेलों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। नादौन और गलोड़ खंड के लिए 17 से 19 फरवरी, भोरंज व बिझड़ी हेतु 21 से 23 फरवरी, हमीरपुर व सुजानपुर हेतु 24 से 26 फरवरी को नई शिक्षा नीति मेले लगेंगे। नादौन व गलोड़ खंड से 174 शिक्षक, भोरंज व बिझड़ी खंड से 293 शिक्षक, हमीरपुर व सुजानपुर से 276 शिक्षक नई शिक्षा नीति मेले में 3-3 दिन भाग लेंगे। इस तरह कुल 743 शिक्षक नई शिक्षा नीति मेले में तीन दिन शिरकत करेंगे। ऑनलाइन शिक्षा के लर्निंग गैप पूरा करने के लिए एक-एक दिन काम पड़ रहा है और नई शिक्षा नीति के मेले आयोजित करके इसके लिए तय बजट खर्चा जाना है। कुल 2 लाख 31 हजार 200 का बजट खर्चने के लिए इन मेलों का आयोजन होगा।

विधायक पर साधा निशाना

हमीरपुर। विकास के नाम पर झूठे शिलान्यास करने वाले सुजानपुर के विधायक किस मुंह से सुजानपुर में विकास करवाने का दावा कर रहे हैं। यह बात जिला परिषद सदस्य रंजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष विक्रम राणा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर भाजपा मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा के लेफ्ट राइट गिने जाने वाले सिपहसालारों के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका काम केवल अपने आका को खुश करना है और वही काम यह लोग आजकल कर रहे हैं। भाजपाइयों ने आईना दिखाते हुए कहा कि विकास कार्यों पर चर्चा करनी हो अगर विधायक को चंडीगढ़ में घूमने से समय लगे तो विधानसभा क्षेत्र का दौरा करके पुराने शिलान्यासों के दर्शन जरूर कर के आएं जो शिलान्यास में लगे ईंट पत्थर आज भी उनकी राह ताक रहे हैं, जो उन्होंने आनन-फानन में बिना बजट लोगों को केवल खुश करने एवं झूठी राजनीति चमकाने के चक्कर में किए थे। लेकिन विधायक का काम केवल झूठे शिलान्यास करना और मौकापरस्त की राजनीति करना है ऐसे में सुजानपुर में क्या हो रहा है। कौन काम कर रहा है। कौन झूठे शिलान्यास करके चंडीगढ़ में घूम रहा है। इस बात का पता विधानसभा क्षेत्र की जनता को लग चुका है।

30 तक का टार्गेट

हमीरपुर। जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के अध्यक्ष राजेंद्र जार ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वर्ष 2021-22 के लिए हमीरपुर जिला कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान जोरों से अग्रसर है। जिला के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में इस अभियान के अंतर्गत पोलिंग बूथ स्तर पर इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। पार्टी सदस्यता अभियान को 30 मार्च, 2022 तक पूरा करने का टार्गेट मिला हुआ है और तत्पश्चात संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

शोक जताया

हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रमेश भारद्वाज के बड़े भाई एवं ऊना खंड इकाई के वरिष्ठतम सदस्य सेवानिवृत्त वृत्त मुख्य रेखाकार धर्म पाल शर्मा, निवासी पुलवाला बाजार, ऊना, के आकस्मिक निधन पर संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, महासचिव हरनाम सिंह ठाकुर वित्त सचिव ओम राज कंवर, सलाहकार सतपाल कालिया, हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम, चंबा जिला प्रधान कुलदीप शर्मा, मंडल जिला प्रधान बली राम ठाकुर, कुल्लू प्रधान प्रताप चौहान, बिलासपुर प्रधान रत्न डोगरा, कांगड़ा प्रधान प्रीतम भारती, शिमला जिला प्रधान एलआर मेहता द्वारा गहरा शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की गईं।

सुजानपुर राष्ट्रीय होली उत्सव की तैयारियां शुरू

15 से 18 मार्च तक चलेगा, डीसी ने आवश्यक प्रबंधों को लेकर की बैठक

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

▮ मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

सुजानपुर टीहरा के प्रसिद्ध राष्ट्रीय होली उत्सव की बैठक शुक्रवार को हमीर भवन में उपायुक्त देबश्वेता बनिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली महोत्सव के संबंध में सभी आवश्यक प्रबंधों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव 15 से 18 मार्च तक कोरोना संबंधी सभी नियमों एवं सावधानियों के साथ आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक, पुलिस, नगर परिषद सुजानपुर और विभागीय अधिकारियों से कहा कि वह उत्सव के संबंध में आवश्यक तैयारियां अभी से शुरू कर दें, क्योंकि अब इसके लिए केवल एक माह शेष है। उन्होंने कहा कि उत्सव में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए टेंडरिंग और अन्य प्रक्रियाएं अभी से ही शुरू कर देनी चाहिए, ताकि अंतिम समय में कोई समस्या न हो। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और नगर परिषद सुजानपुर के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाओं एवं प्रबंधों का प्रावधान करने तथा मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण इत्यादि कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

जल्द ही किया जाएगा उप समितियों का गठन

उत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि उत्सव को सफल बनाने के लिए शीघ्र ही विभिन्न उप समितियों का गठन किया जाएगा। बैठक में एडीएम जितेंद्र सांजटा ने होली उत्सव के लिए किए जाने वाले विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसडीएम सुजानपुर हरीश गज्जू, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, डीएसपी रोहिन डोगरा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

अतिरिक्त शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए आदेश

उपायुक्त ने नगर परिषद सुजानपुर के कार्यकारी अधिकारी को आयोजन स्थल की सफाई और अतिरिक्त शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे आयोजन स्थल पर कोरोना रोधी वैक्सीनेशन का प्रबंध भी करें। देबश्वेता बनिक ने बताया कि होली उत्सव के उपलक्ष्य पर स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

हमें हमेशा अनुशासन का ही पालन करना चाहिए : कायस्थ

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

▮ केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर कॉलेज के छात्रों का मार्गदर्शन

केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर के छात्रों का मार्गदर्शन अतुल कायस्थ सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण नाहन ने किया।

उन्होंने बताया कि जीवन में अनुशासन से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। सभी व्यवहार व आचरण जो शिक्षा प्राप्त करने में बाधक बनते हैं उन्हें त्याग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा कर अर्थ खुश रहने, दूसरों को खुश करने, समाज में रहने, चुनौतियों का सामना करने, दूसरों की मदद करने, बड़ों की देखभाल करने, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करने आदि के तरीकों को सीखना है। हमारे जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन का एक महत्वपूर्ण स्थान है। हमें हमेशा अनुशासन का पालन करना चाहिए। फिर हम स्कूल में हो या कॉलेज में, घर पर हों या बाहर। किसी कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों या फिर खेल के मैदान में कोई खिलाड़ी दोनों को ही अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के जीवन में अनुशासन की कमी होती है, वह कभी भी अपना काम समय पर पूरा नहीं कर पाते और उन्हें कई प्रकार की कष्ट व कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

तीस छात्राओं ने नादौन थाना पहुंचकर शैक्षणिक जानकारी हासिल की

नादौन। कन्या विद्यालय नादौन की तीस छात्राओं ने नादौन थाना पहुंचकर शैक्षणिक जानकारी हासिल की। छात्राओं ने थाना की कार्यप्रणाली बारे में जानकारी ली तथा विभिन्न कमरों चल रहे कार्यालय के कार्य बारे जाना। पुलिसकर्मियों ने उन्हें प्रत्येक कमरों में चल रहे प्रशासनिक गतिविधियों बारे बताया। इसके बाद थाना प्रभारी योगराज चंदेल ने बच्चियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे विस्तार से बताया।

बरगद के पेड़ ने हिला कर रख दी बाबा बालक नाथ की नगरी

बड़सर। उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध की गुफा को जाने वाले रास्ते पर उस समय भगदड़ मच गई। जब 700 साल पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ के जड़ों की उड़ती आवाज को सुनकर दुकानदार दुकानें छोड़कर भाग निकले। भारी भरकम पेड़ जैसे ही दुकानों पर गिरा तो 4 दुकानें पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। वहीं साथ लगती करीब आधा दर्जन दुकानों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। बरगद का वह पेड़ माता के मंदिर के लैंटल पर आकर रुका। दुकानें ध्वस्त होकर क्षति ग्रस्त होने से करीब 25 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

कोविड नियमों के साथ मनाई जाएगी महंत शिवगिर जी की पुण्यतिथि

हिमाचल दस्तक। बड़सर

▮ 19 फरवरी को देश-विदेश से आश्रम में जुटेंगे बाबा के भक्त

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध के श्रीश्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन महंत शिवगिर जी महाराज की 18वीं पुण्यतिथि 19 फरवरी को कोविड नियमों के मद्देनजर रखते हुए मनाई जाएगी। 19 फरवरी को देश-विदेश से बाबा जी के भक्त महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिर के आश्रम में जुटेंगे। बताते चलें कि प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में महंत परंपरा एवं गुरु गद्दी का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना बाबा के गुफा में प्रकट होने का। तभी से गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है।

श्रद्धालु इस प्राचीन गद्दी के महंत को बाबा का दूसरा रूप मानते हैं। श्रद्धालु यात्रा को तभी सफल मानते हैं, जब गुफा के बाद महंत के दर्शन किए जाएं। बाबा की गुफा के दर्शन करने के उपरांत महंत के दर्शन करने का यही विशेष महत्व है।

नादौन शाखा का किया औचक निरीक्षण

नादौन। कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक समिति के निदेशक विनोद पठानिया ने शुक्रवार को बैंक की नादौन शाखा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक की कार्यप्रणाली व कार्यों की फीडबैक लेकर समीक्षा की। पठानिया ने बैंक को अगामी लक्ष्यों को पूर्ण करने व उत्थान के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ को आदेश दिया कि वह शाखा के उत्थान के लिए पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को बैंक की योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके और अधिक से अधिक लाभार्थी बैंक के साथ जुड़ सकें।

डीएवी भड़ोली के नौनिहालों ने एक्टिविटी डे में मचाया धमाल

नादौन। डीएवी भड़ोली के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने एक्टिविटी-डे में विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह जानकारी प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने दी। स्कूल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में कक्षा एलकेजी से दूसरी कक्षा तक के लिए बुकमार्क मेकिंग तथा कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के लिए पतंग बनाओ गतिविधि का आयोजन किया गया। कक्षा अध्यापकों ने ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से बच्चों को बुकमार्क बनाना सिखाया

सस्ते राशन के लिए जनता परेशान : राणा

हमीरपुर। सरकार की लचर कारगुजारी के कारण अब आम आदमी को डिपुओं में सस्ते राशन के लाले पड़ गए हैं। सरकार के अपने सिस्टम फेल और फ्लॉप होने के कारण यह स्थिति बनी है। यह बात राज्य कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र राणा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही है। उन्होंने कहा कि डिपुओं में सस्ते राशन के लिए लोगों को दिन-दिन भर बैठना पड़ रहा है। पीओएस में बार-बार ओटीपी फेल होने के कारण जहां एक ओर डिपो होल्डर इस परेशानी को झेल रहे हैं, वहीं उपभोक्ताओं को भी खासा परेशान होना पड़ रहा है।

कार्यशाला में 35 आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने लिया भाग

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय टौणीदेवी ने शुक्रवार को खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बैठक कक्ष में प्रसव-पूर्व परीक्षण दुरुपयोग का नियम एवं बचावद्ध अधिनियम यानी पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में क्षेत्र की लगभग 35 आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने भाग लिया। इसका शुभारंभ खंड चिकित्सा अधिकारी-अधिकारी डॉ. केके शर्मा ने किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कल्याण चंद ठाकुर ने कार्यशाला के मुख्यातिथि और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान स्वास्थ्य शिक्षक कमल मनकोटिया ने प्रतिभागियों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

12 वर्षीय बच्ची को राजस्थान से सकुशल घर पहुंचाया

नादौन। नादौन के बड़ा क्षेत्र से 5 फरवरी से लापता 12 वर्षीय बच्ची को राजस्थान के हनुमानगढ़ से बरामद करके सकुशल घर पहुंचाया गया। लोगों ने पुलिस टीम व अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों व परिजनों ने कहा कि पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने एसपी डॉ. आकृति शर्मा, डीएसपी रोहिन डोगरा, थाना प्रभारी योगराज चंदेल, एसआई कुलवंत भारद्वाज, एसआई पुनी चंद, राकेश कुमार व अश्वनी का आभार जताया है। इस बीच शुक्रवार सुबह पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करके बच्ची को परिजनों के हवाले कर दिया। अदालत में पेश किया गया और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूर्ण की गई।

महान लोगों में से एक थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

हिमाचल दस्तक ▮ बिझड़ी

▮ बिझड़ी के चौगान में मनाई पुण्यतिथि

▮ कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रहे उपस्थित

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि दीन दयाल अंत्योदय समिति बड़सर ने बिझड़ी के चौगान में मनाई। कार्यक्रम में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा बबली उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. राकेश शर्मा बबली ने कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनका जन्म ही केवल सामाजिक क्रांति के लिए ही होता है।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भी उन्हीं महान लोगों में से एक थे, जिन्होंने समाज बदलने के लिए जन्म लिया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने जीवन भर अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठ को महत्त्व दिया। साथ ही वह भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। वह हिंदू राष्ट्रवादी और भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक एकात्म मानववाद है, जिसमें साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की गई है। डॉ. राकेश बबली ने कहा कि दीनदयाल बचपन से प्रतिभाशाली व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्य राजेंद्र, सचिव रविकांत बाकी सभी सदस्यों को बिझड़ ब्लॉक दिव्यांग आदर्श शर्मा, साथी, शगुन जम्वाल, कुनीश कुमार, डिंपल ठाकुर, रजन कुमार, अनिल कुमार, अमन, सुनीता जम्वाल, बिझड़ ब्लॉक से समाजसेवी सुमन लता को सम्मानित किया। इस दौरान दीन दयाल अंत्योदय समिति के संयोजक दिनेश शर्मा, सचिव जीत शर्मा, जगदीश जसवाल, मिंटू, अमित, सुरेश दत्याल, लिक्कू, अतुल, सुशांत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

साहित्य से था अलग लगाव

पंडित दीनदयाल उपाध्याय को साहित्य से एक अलग ही लगाव था शायद इसलिए दीनदयाल उपाध्याय अपनी तमाम जिंदगी साहित्य से जुड़े रहे। उनके हिंदी और अंग्रेजी के लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते थे। केवल एक बैठक में ही उन्होंने चंद्रगुप्त नाटक लिख डाला था। दीनदयाल ने लखनऊ में राष्ट्र धर्म प्रकाशन नामक प्रकाशन संस्थान की स्थापना की और अपने विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक मासिक पत्रिका राष्ट्र धर्म शुरू की। बाद में उन्होंने पांचजन्य साप्ताहिक तथा स्वदेश दैनिक की शुरुआत की। इस दौरान पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों को सम्मानित किया।

गुड न्यूज पुष्प व्यवसाय के लिए लांच की है सीएसआईआर-फ्लॉरिकल्चर योजना

पुष्प उत्पादकों को मिल रहा 90 प्रतिशत अनुदान

आरके सूद ▮ बड़सर

▮ कोरोनाकाल में पुष्प व्यवसाय पर पड़ी थी मार
▮ किसानों की आर्थिकी मजबूत करना चाहती है सरकार

प्रदेश में पुष्प व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने सीएसआईआर-फ्लारिकल्चर योजना लांच की है। सरकार इस योजना के तहत एक तो प्रदेश में पुष्प व्यवसाय को बढ़ावा देना चाहती है वहीं दूसरी तरफ कोरोनाकाल के दौरान पुष्प व्यवसाय पर पड़ी आर्थिक मंदी से गुजर रहे किसानों की आर्थिकी मजबूत करना चाहती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के सौजन्य से सीएसआईआर-फ्लारिकल्चर मिशन के तहत पुष्प उत्पादकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को पुष्प समग्री व पौध वितरित कर रही। कोरोना महामारी के दौरान प्रदेश के पुष्प उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

पुष्प व्यवसाय से जुड़े किसानों की फसल न बिकने के कारण खेतों में खड़ी-खड़ी खराब हो गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये के आर्थिक नुकसान से गुजरना पड़ा था। अब केंद्र सरकार प्रदेश के पुष्प उत्पादकों की आर्थिकी मजबूत करने के सीएसआईआर-फ्लारिकल्चर योजना के तहत नामात्र शुल्क पर फूलों की विभिन्न किस्मों की पौध उपलब्ध करवा रही। इसी कड़ी के चलते हमीरपुर जिले में पुष्प उत्पादकों के लिए सरकार ने 1 लाख 65 हजार विभिन्न प्रजातियों की पौधे वितरित किए हैं। बड़सर के पुष्प व्यवसायियों को भी इस योजना से जोड़ा गया है।

पुष्प उत्पादक काफी खुश

पुष्प उत्पादकों ने जताया सरकार का आभार

बड़सर क्षेत्र के पुष्प उत्पादकों कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, सुरजीत सिंह, करतार ठाकुर, नरेंद्र, सतीश, राजेश कुमार, पंकज कुमार ने बताया कि कोरोनाकाल में उनकी फूलों की खेती खेतों में ही खड़ी-खड़ी खराब हो गई थी, जिसके चलते उन्हें लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। सरकार ने हम लोगों की मांग पर 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाई है। उन्होंने सरकार व प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर का आभार व्यक्त किया है।

केंद्र सरकार की सीएसआईआर-फ्लारिकल्चर योजना के तहत सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर ने जिला के किसानों के लिए 1,65,000 विभिन्न फूलों की किस्मों के पौधे 90 प्रतिशत अनुदान पर वितरित किए हैं। विभाग ने पौध में पुष्प उत्पादकों को कार्नेशन, जरबेरा, लिमोनियम, गेंदा, गुलदाउदी, जिप्सोफिला आदि किस्म दी गई है। सरकार की मंशा पुष्प व्यवसाय को बढ़ावा देने के साथ-साथ पुष्प व्यवसायिओं की आर्थिकी में सुधार लाना मुख्य उद्देश्य है। सरकार की इस योजना से क्षेत्र के पुष्प उत्पादक काफी खुश भी है।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रियल एरिया, गांव-बसाल, जिला ऊना – 174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975-272001 | ई-मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तिमाही एवं नौ–माह हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	31.12.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.12.2021 को समाप्त नौ–माह अनअंकेक्षित	31.12.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	15,203	48,723	20,380
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(9,269)	(25,906)	(8,528)
3.	कर पश्चात अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,395)	(17,401)	(5,197)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	(6,406)	(17,382)	(5,158)
5.	संचित पूर्व मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त			
6.	प्रदत्त समता अंश पूंजी (अंकित मूल्य ₹ 10 प्रत्येक)	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य ₹ 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(2.88)	(7.84)	(2.34)
	तरल (रु. में)	(2.88)	(7.84)	(2.34)

टिप्पणीः
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 11 फरवरी 2022 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है: (रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	31.12.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.12.2021 को समाप्त नौ–माह अनअंकेक्षित	31.12.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	9,485	44,818	15,764
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(4,894)	(17,979)	(7,339)
3.	कर पश्चात अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(3,154)	(11,670)	(4,778)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/-
पूर्णकालिक निदेशक

स्थान: नोएडा
तिथि: 11 फरवरी, 2022